# सोलन में वित्तीय समावेशन अभियान को मिली नई गति

## बैंक उपभोक्ता अपने बैंक खातों की रि केवाईसी अवश्य करें: रचना मिश्रा



**सोलन, (सुखदर्शन ठाकुर)।** वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर,2025 तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं रि केवाईसी अभियान के अंतर्गत सोलन जिला की सपरून ग्राम पंचायत में शुक्रवार को एक वृहद वित्तीय जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच बढ़ाने,नागरिकों को वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा रि केवाईसी जैसी आवश्यक प्रक्रियाओं को सरल रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति और भागीदारी उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में लोग शिविर स्थल पर पहुंचे और विभिन्न बैंकों द्वारा दी जा रही योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मौके पर ही 150 से अधिक बैंक खातों का रि केवाईसी किया गया तथा अनेक लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं और अटल पेंशन योजना में पंजीकरण भी करवाया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने डिजिटल वित्तीय लेन-देन के बढ़ते प्रचलन के बीच साइबर सुरक्षा,धोखाधड़ी से बचाव तथा रि केवाईसी की अनिवार्यता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता और जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा है। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक शिमला से आशीष कुमार शर्मा एवं राहुल जोशी,जिला परिषद अध्यक्ष सोलन रमेश ठाकुर,खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश कुमार शर्मा,यूको बैंक सोलन की अंचल प्रमुख रचना मिश्रा,एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार छाबड़ा,अग्रणी जिला प्रबंधक (यूको बैंक) तमन्ना मोदगिल तथा एलडीएम कार्यालय सोलन से स्वर्ण दीप नेगी सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यूको बैंक की अंचल प्रमुख रचना मिश्रा ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के लाभ,पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में सरल और स्पष्ट जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य देश के आम नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा देना है,विशेषकर उन लोगों को जो अब तक बैंकिंग प्रणाली से दूर रहे हैं। इस शिविर में यूको बैंक,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक,पंजाब एंड सिंध बैंक,बैंक ऑफ महाराष्ट्र,केनरा बैंक,बैंक ऑफ इंडिया,एचडीएफसी बैंक, जोगिंद्र बैंक तथा परवाणू कोऑपरेटिव बैंक सहित अनेक बैंकों ने सहभागिता की।

**Visit of RD, Shimla to Solan camp - August 08, 2025 - newspaper clip**